हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025

12 जिला पुस्तकालय का मुद्दा फिर गरमाया, बाल भवन में सामान...



12 नगरपरिषद कर्मचारियों ने मांगों को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर...



## खबर संक्षेप

### लॉ अवेयरनेस सोसाइटी की मीटिंग, राहुल बने उपप्रधान

**रतिया।** लॉ अवेयरनेस सोसाइटी की मीटिंग आज जिलाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सोसाइटी के संस्थापक सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट भुवनेश व्यास से चर्चा करके व उनकी सहमति से जिला फतेहाबाद में दो पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। पिछले कुछ सालों में प्रैक्टिस कर रहे एडवोकेट राहुल मोंगा को उप प्रधान पद पर व हिमांशु पीडम्बा को जनरल सेकेट्री नियुक्त किया गया।

### डोडा पोस्त और लाहन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ अमरी पुत्र प्यारा राम निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी उपनिरीक्षक शादीराम ने बताया कि पुलिस की टीम एसआई रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान बस अड्डा, रत्ताखेड़ा के पास पहुंची। इसी दौरा कार्रवाई की गई।

### द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 12 जुलाई को जिला में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर, उपमंडल रतिया व टोहाना न्यायिक परिसरों में किया जाएगा।

### धान की बिजाई के लिए अनुदान पर मिलेंगी मशीन

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में धान की सीधी बिजाई मशीन के अनुदान के लिए 50 मशीन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनका आबंटन पहले आओ पहले पाओ ऑनलाइन विभागीय पोर्टल पर किया जाएगा। डीएसआर मशीन पर अधिकतम 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कीम के दिशा निर्देशों अनुसार अनुदान लेने के लिए किसान के नाम ट्रेक्टर की वैध आरसी और मेरी फसल मेरा ब्योरा होना आवश्यक है।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले पहुंचे जेल

**डबवाली।** पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व मारपीट करने के मामले में आरोपियों जसपाल सिंह उर्फ जस्सा पुत्र लक्ष्मण सिंह उर्फ लच्छू, मनजीत सिंह उर्फ काला पुत्र लक्ष्मण सिंह उर्फ लच्छू व गुरदित उर्फ काली पुत्र कुलवंत सिंह निवासी गांव कालांवाली को काबू किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि गृह रक्षी गुरदीप कुमार की शिकायत पर आरोपियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व मारपीट करने पर अभियोग दर्ज किया गया था।

### कर्मियों ने योगाभ्यास कर उठाया लाभ

**सिरसा।** योग दिवस का कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा के हॉकी खेल ग्राउंड में किया गया जिसमें आयुष विभाग के सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही खेल विभाग के क्रिकेट ग्राउंड, हॉकी ग्राउंड, हैंडबॉल ग्राउंड के बच्चों के साथ खेल प्रशिक्षकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार ने सभी को योग से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि योग को केवल 21 जून तक न मानें बल्कि इसको अपने जीवन का एक अंग मानें।

---

## पटवारी ने अपनी निजी सहायक की पत्नी, पुत्र और चहेतों के खाते में डाले मुआवजे के पैसे

# बड़ोपल, चिंदड़ व खाराखेड़ी के किसानों का मुआवजा भी डकार गए अधिकारी

### भूमिहीन लोगों को भी दिया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव बड़ोपल में वर्ष 2021 में भारी बरसात के बाद जलभराव से खराब हुई फसलों के मुआवजा वितरण में घपले को लेकर एफआईआर दर्ज होने बाद अब और भी गांवों से ऐसी शिकायते सामने आने लगी हैं। बड़ोपल के नजदीकी गांव चिंदड, खाराखेड़ी के कई किसानों ने इसकी शिकायत उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को दी हैं। प्रशासन जांच के नाम पर पांच महीने से इन किसानों को चक्कर कटवा रहा है। अब उपायुक्त मनदीप कौर ने रिमाइंडर भेज कर एसडीएम से 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि करीब पांच महीने पहले जिला प्रशासन से लेकर वित्त आयुक्त को भेजी गई शिकायत में चिंदड़ व खाराखेड़ी के किसानों ने अपनी फसल खराबे के सबूतों के साथ मुआवजा वितरण में हुए गोलमाल की जानकारी दी थी। किसानों ने बताया था कि किन किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए था और किसे यह दिया गया है। इन किसानों ने आरोप लगाया था कि पटवारी, कानूनगो और तत्कालीन तहसीलदारों ने मिलीभगत करके पूरा घपले को अंजाम दिया। पात्र किसान को मुआवजे से वंचित रख उनके नाम के आगे अन्य लोगों के बैंक खाते लिखकर मुआवजा राशि डकार ली गई। इतना ही नहीं, मुआवजा सूची बनाने वालों ने अपनी पत्नी, बेटी, बेटे के बैंक खाता नंबर डालकर मुआवजे की राशि ट्रांसफर करवा दी। चिंदड़ के किसानों ने अपनी शिकायत में लिखा है कि यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। अगर इसकी सही जांच की जाए तो राशि करोड़ों में पहुंच सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह पटवारी और कानूनगो ने साज-बाज होकर अपने भूमिहीन रिश्तेदारों, चहेतों के खाते में मुआवजा राशि डलवा दी और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। गौरतलब है कि बड़ोपल में भी इसी प्रकार का मामला सामने आया है, जिसमे सीएम फ्लाईग की टीम की शिकायत पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो सहित 27लोगों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है।



फतेहाबाद। जलभराव से खराब हुई फसल। *(फाइल फोटो)*

### अपने चहेतों के खाते में ट्रांसफर की मुआवजा राशि, पढ़िए सिलसिलेवार सूची

*गांव चिंदड़ की मुआवजा सूची में क्रमांक 116 पर दर्ज प्रियंका पुत्री अजीत पटवारी के बैंक खाता में 46 हजार 173 रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई, जबकि प्रियंका का नाम गांव चिन्दड़ की एपीआर में नहीं है, और ना ही इसके नाम कोई जमीन है। इसी प्रकार भाल सिंह को गिरदावरी अनुसार 2076 रुपये दिए जाने थे, लेकिन इसे 47 हजार 62 रुपये मुआवजा दिया गया। बिरमा को 3383 रुपये की जगह 46 हजार 172 रुपये मुआवजा दिया गया। रामेश्वर पुत्र ख्याली के सामने लिखे खाता नंबर में 46 हजार 906 रुपये मुआवजा दिया गया जबकि रामेश्वर पुत्र ख्याली राम का नाम एपीआर में नहीं है। मोनिका देवी के खाते में 46 हजार 906 रुपये मुआवजा जारी हुआ, लेकिन मोनिका देवी का नाम एपीआर में नहीं है। गुरदियाल के खाते में 47 हजार 500 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई जबकि गुरदियाल को 957 रुपये ही मुआवजा मिलना था। केहर सिंह के खाते में 46 हजार 273 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई जबकि केहर सिंह का नाम एपीआर में दर्ज नही है। पृथ्वी सिहं पुत्र मनीराम के खाते में 47 हजार 500 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई जबकि पृथ्वी सिहं का नाम भी एपीआर में नही है। अमर सिंह का नाम एपीआर में न होने के बावजूद उसके नाम के सामने अंकित बैंक खाता में 42 हजार 750 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई।*

### मुआवजा राशि का गबन

मुआवजा वितरण सूची नंबर 10 के क्रम संख्या 20 पर अंकित अजीत पटवारी के सहायक रामनिवास पुत्र महाबीर निवासी खाराखेड़ी के बैंक खाता में 32 हजार 464 रुपये की मुआवजा राशि जारी करके गबन किया गया जबकि रामनिवास का नाम गांव चिंदड़ की एपीआर में नही है। सुमन देवी के बैंक खाता में 33 हजार 845 रुपये मुआवजा राशि जारी की गई जबकि सुमन देवी का नाम गांव चिंदड़ की एपीआर में नही है। इसी प्रकार गांव खाराखेड़ी के मुआवजा वितरण सूची में पटवारी अजीत की पत्नी, पुत्री व पुत्र, पटवारी के निजी तौर पर रखे सहायक महाबीर, उसकी पत्नी व पुत्र रामनिवास को फर्जी किसान दिखाकर उनके बैंक खाते में कथित रूप से मुआवजा राशि डाली गई। इतना ही नहीं महाबीर के खाते में तो तीन बार अलग अलग तारीख को मुआवजा राशि डाली गई। इसके अलावा बीमित किसानो के खातों में मुआवजा राशि ट्रांसफर करने के मामले भी उजागर हुए हैं।

---



फतेहाबाद। नहर में डूब रहे व्यक्ति को रस्सी की सहायता से निकालते पुलिस कर्मचारी।

## पुलिस की टीमों ने नहर में डूबते व्यक्ति को बचाया

- खोई बच्ची को भी परिजनों से मिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में सशक्त हैं, बल्कि मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जिला पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने मानवता का परिचय देते हुए नहर में डूब रहे एक व्यक्ति को बचाया वहीं खोई बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाया है। पहले मामले में ईआरवी-222 टीम को सूचना मिली कि भाखड़ा नहर में एक व्यक्ति पानी पीते समय फिसलकर गिर गया है और डूब रहा है। खुशियां राम पुत्र प्यारा सिंह निवासी खंडवाल, जिला जींद, नहर में गिर गया था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बिना समय गंवाए रस्सी की सहायता से नहर में उतरकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके अलावा टोहाना क्षेत्र की ईआरवी-215 टीम जब गश्त पर थी, तब बैजलपुर नहर के पास एक छोटी बच्ची डरी-सहमी हालत में अकेली घूमती मिली। टीम ने बच्ची से संवाद स्थापित कर उसे मानसिक रूप से सहज किया और स्थानीय लोगों की मदद से उसके परिजनों का पता लगाकर बच्ची को सुरक्षित सौंपा। बच्ची और खुशियां राम के परिजनों ने भावुक होकर फतेहाबाद पुलिस का धन्यवाद किया, जिनकी वजह से आज हमारे अपने सुरक्षित हमारे पास हैं।

### कोई संकट में दिखे तो 112 पर करें सूचित

*फतेहाबाद पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कोई बच्चा या व्यक्ति असहाय, डरा या संकट में नजर आए, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल 112 पर सूचित करें। आपकी एक छोटी-सी सूचना किसी परिवार की दुनिया बचा सकती है।*

---

## साढ़े चार लाख की ठगी का आरोपी काबू

- टेलीग्राम पर पैसों का लालच देकर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

साइबर थाना पुलिस टीम ने टेलीग्राम एप से जोडक़र टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर सिरसा निवासी एक महिला से हुई 4 लाख 48 हजार 940 रुपए की साइबर ठगी के मामले में एक अन्य आरोपी को राजस्थान के बाड़मेर क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि सिरसा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 24 अप्रैल 2025 को अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलीग्राम एप से जुड़कर घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ों रुपए कमा सकते हो। महिला के मुताबिक कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलीग्राम लिंक आया जैसे ही मैंने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था। पीड़िता ने लालच में आकर 4 लाख 48 हजार 940 रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलीग्राम एप पूरी बंद हो गया।



सिरसा। महिला से ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

---

## लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना किया मुहाल

**14 जून को हवाओं में बदलाव होने से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ेगी, राहत के आसार**

- प्रदेश के अनेक जिलों से ऑरेंज अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले लगातार तीन दिन से लू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। लू के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मंगलवार अलसुबह से ही गर्म हवाएं और उसके बाद लू का प्रकोप शुरू हो गया। सुबह ही ऐसे हालात थे जैसे सुबह का टाइम न होकर दोपहर हो गई हो। मंगलवार को यहां का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने फतेहाबाद, हिसार, सिरसा सहित पांच जिलों में भीषण गर्मी और दिन-रात में गर्म हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। मौसम विभाग का मानना है कि अभी गर्मी और बढ़ेगी और तापमान 47 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। गर्मी के कारण बिजली की डिमांड बढ़ गई है जिससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर जल रहे हैं। यही वजह है कि बीती रात रूक-रूक कर 5-6 बार बिजली के कट लगे। मई मास में धूल भरी हवाएं चलने और बूंदाबांदी के बाद जून ने सारी कसर निकाल दी है। ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को सबसे अधिक गर्मी महसूस की गई।

### सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या 400 से 600 पहुंची, बिजली की भी डिमांड बढ़ी

सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आमतौर पर यहां प्रतिदिन 400 के करीब लोग इलाज के लिए आते थे। मंगलवार को मरीजों की संख्या 600 दर्ज की गई। दूसरी ओर लू के कारण बाजार सूनसान दिखाई पड़ रहे हैं। बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। बीती रात बिजली के अघोषित कट लगने से लोगों में घबराहट देखी गई। पेयजल के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने लगातार 13 जून तक इसी तरह का मौसम बने रहने के आसार जताए हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि प्रदेश में 3 जून तक मौसम आमतौर पर खुश्क रहने की संभावना है। 13 जून तक उत्तर-पश्चिमी और पश्चिमी हवाएं चलेंगी जो गर्म और खुश्क होने से दिन के तापमान में और बढ़ोतरी होगी। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी से बीच बीच में हल्के बादल और कहीं-कहीं धूलभरी हवाएं चलने की भी संभावना है। 14 जून को हवाओं में बदलाव पश्चिमी से उत्तर पूर्वी होने से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ेगी और आंशिक बादलवाई आने की संभावना है।

---



सिरसा। पत्नी की हत्या करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

## हत्यारोपी पति गिरफ्तार

- पत्नी के सिर पर हथौड़ा मारकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मीरपुर कॉलोनी सिरसा में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को काबू कर लिया है। सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मक्खन सिंह ने चरित्र पर संदेह के चलते अपनी पत्नी के सर में हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है और मौका से फरार हो गया है। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है। जांच के दौरान आरोपी मखन लाल पुत्र केशव राम निवासी मीरपुर कॉलोनी सिरसा को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हथौड़ा व अन्य सामान बरामद किया जाएगा। मामले की जांच जारी है जो भी व्यक्ति हत्या के इस मामले में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

## लाखों की चोरी के मामले का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

अपराधमुक्त अभियान के तहत भट्टूकलां पुलिस ने एक घर से लाखों की चोरी करने के मामले का पर्दाफाश करने में कामयाबी हासिल की है।

इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सोनू पुत्र जोगिन्द्र व सुखविन्द्र पुत्र अमर सिंह निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 जून को भट्टूमण्डी निवासी महिला मोहिनी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोर रात को उसके मकान में घुस गए और वहां से सोने की अंगूठियां, सोने की चैन, एक जोड़ी ईयररिंग, दो जोड़ी चांदी की पांजेब, 60 हजार रुपये कैश, 500 रियाल दुबई करंसी आदि सामान चोरी कर ले गए हैं।



भट्टूकलां। पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी युवक। *फोटो: हरिभूमि*

### नायब तहसीलदार के खिलाफ खटखटाई सीएम विंडो

**सिरसा।** आरटीआई कार्यकर्ता योगेश जैन ने कालांवाली तहसील की कारगुजारियों को लेकर सीएम विंडो खटखटाई है। शिकायत में नायब तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर अनेक गंभीर आरोप लगाए गए है तथा सीएम से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच का भी आग्रह किया गया है। शिकायतकत्र्ता योगेश जैन ने सीएम विंडो पर दाखिल शिकायत में बताया कि पिछले नौ माह से तहसील कार्यालय कालांवाली का कामकाज बेपटरी हुआ है, जब से नायब तहसीलदार ने यहां पर कार्यभार संभाला है।

---

**जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर फतेहाबाद पहुंची केन्द्रीय ऑब्जर्वर की टीम**

## संगठन मजबूत होता तो कांग्रेस की सरकार होती: सैलजा

- कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में कुमारी सैलजा से लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस सरकार न बनने के पीछे संगठन का अभाव सबसे बड़ा कारण था। अगर संगठन मजबूत होता तो आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती। इसके बावजूद सिरसा और अम्बाला में कांग्रेस ने अभूतपूर्व विजय हासिल की। यहां विधानसभा की 18 सीटों में से 12 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की इसलिए पार्टी हाइकमान को इस पर विश्लेषण करना चाहिए। कुमारी सैलजा मंगलवार को यहां भूना रोड स्थित फाइव एकड़ रिसोर्ट में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। वह यहां कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने आई थी। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं केंद्रीय ऑब्जर्वर चल्ला वंशी चंद रेड्डी, प्रदेश कांग्रेस के तीन प्रतिनिधि पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, राहुल मक्कड़ और सतवीर पहलवान भी मौजूद रहे।




### जिलाध्यक्ष के लिए तय शर्तें

केंद्रीय ऑब्जर्वर रेड्डी ने बताया कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनने के लिए 35 से 55 साल के नेता ही दावेदारी कर सकेंगे। इसके अलावा 5 साल लगातार संगठन में काम करने का अनुभव भी होना चाहिए। विशेष बात यह है कि जिलाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस विचारधारा वाले समाजसेवी, खिलाड़ी भी आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस ऑब्जर्वर्स की ओर से हर जिले में 6 लोगों का पैनल बनाया जाएगा। इसके बाद पैनल को हाईकमान को भेजा जाएगा। अंतिम निर्णय कांग्रेस हाईकमान लेगा।

### ऑब्जर्वरों का यह रहेगा शेड्यूल

केन्द्रीय ऑब्जर्वर की टीम बुधवार सुबह फतेहाबाद के वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात कर जिलाध्यक्ष को लेकर उनकी राय जानेगी। टीम सदस्य पीसीसी डेलीगेट्स, कोआर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों, फ्रंटल, डिपार्टमेंट और सेलो के जिला प्रमुखों से मिलेंगे। बुधवार दोपहर 3 बजे यूथ कांग्रेस की जिला कमेटी के साथ चर्चा करेंगे। दोपहर 3.30 बजे एनएसयूआई की कमेटी और कॉलेज प्रधानों की मीटिंग लेंगे। शाम 4 बजे महिला कांग्रेस की जिला कमेटी, 4.30 बजे सेवा दल की जिला कमेटी, शाम 5 बजे एससी, ओबीसी व अल्पसंख्यक विंग के साथ मीटिंग होगी। शाम 5.30 बजे से फ्रंटल, डिपार्टमेंट व सेल के जिला स्तरीय नेताओं से वन टू वन मीटिंग करेंगे।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।

## लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा



जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

## टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच 'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'



# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

***नई दिल्ली।** इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*




**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।


**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।




**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।




***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपत्ति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*




**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस टीम ने गश्त के दौरान थाना बड़ागुढ़ा थाना क्षेत्र के गांव रघुआना से बाइक सवार युवक को 7 ग्राम 13 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान पन्नीवाला मोटा से गांव रघुआना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रघुआना के नहर पूल के नजदीक पहुंची तो गांव रघुआना की तरफ से बाइक पर सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 13 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### बीमा क्लेम के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन कुमार पुत्र हनुमान सिंह निवासी महाबीर कालोनी, हिसार के रूप में हुई है। युवक पर आरोप है कि उसने एक युवक से उसके पिता का बीमा क्लेम दिलवाने के नाम पर ठगी की है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 30 अप्रैल को प्रताप नगर, भट्टूमण्डी निवासी पंकज कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह आदमपुर के एक अस्पताल में काम करता है।

### पुलिस ने बुलेट से उतरवाए मोडिफाइड साइलेंसर

**डबवाली।** यातायात पुलिस हुड़दंगबाजी करने व बुलेट पटाखा बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने व आमजन को परेशान करने वालों पर सख्त तेवर अपनाती नजर आ रही है। पुलिस ने कार्यवाही को अमल में लाते हुए 1 जून से लेकर 10 जून तक 10 बुलेट बाइक पर पटाखे चलाने पर उनका चालान किया गया जिनमें से दो को इम्पाउंड किया गया। साथ ही उनके मॉडिफाइड साइलेंसर को उतरवाया गया। यातायात पुलिस प्रभारी डबवाली उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि चालकों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का पालन न करने वाले ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, लाइन चेंज, रॉन्ग पार्किंग, सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट, बिना पैटर्न नंबर प्लेट पर कार्यवाही की जा रही है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र अधिकतम 800 शब्द, भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए।

### दस दिवसीय जैन संस्कार शिविर सम्पन्न

**रानियां।** जैन संस्कार समिति दिल्ली की ओर से एसएस जैन सभा में दस दिवसीय बच्चों को धार्मिक संस्कार देने के लिए जैन संस्कार शिविरों को समापन हो गया है। यह जानकारी देते हुए जैन एकता मंच के जिलाध्यक्ष एवं अरिहंत फाऊंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि जैन संस्कार समिति के राष्ट्रीय संयोजक रवीन्द्र जैन व जिला संयोजक नरेश जैन के सहयोग से जिला में एसएस जैन सभा सिरसा रोड़ी बाजार, सी ब्लाक, कालांवाली, डबवाली, रानियां व रोड़ी की जैन सभाओं में 10 दिवसीय जैन संस्कार शिविरों का आयोजन किया गया।

---

### मुआवजा नहीं दिए जाने से किसानों में रोष

# सेम समस्या को लेकर ढाबी के किसान डीसी से मिले, सोलर पम्प लगाने में भ्रष्टाचार के आरोप

डीसी की अनुपस्थिति में किसानों ने तहसीलदार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** सेम समस्या को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे किसान तथा सेम समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ढाबी कलां के किसान। फोटो : हरिभूमि

भट्टू क्षेत्र में किसानों की सेम समस्या और मंजूर हुआ मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर काफी संख्या में किसान उपायुक्त से मिलने फतेहाबाद पहुंचे।

अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त व हनुमान सिंह की अध्यक्षता में पहुंचे किसानों ने सेम समस्या के समाधान को लेकर लगाए जा रहे सोलर पम्पों में भ्रष्टाचार का मामला उठाया वहीं खराब फसलों का मुआवजा न दिए जाने पर भी नाराजगी जाहिर की। डीसी की अनुपस्थिति में किसानों ने तहसीलदार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की इन समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की है। इस अवसर पर किसान सभा के जिला प्रधान कामरेड विष्णुदत्त के साथ गांव ढाबी कलां निवासी सजिन्द्र सिंह, वजीर सिंह, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, हनुमान सिंह, रमेश, हवा सिंह, प्रमोद सिंह, महेन्द्र सिंह, साधुराम, मांगेराम, छोटूराम सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि ढाबी कलां गांव में सेमग्रस्त भूमि के पानी निकासी हेतु सरकारी विभाग की तरफ से सोलर पम्प मोटर लगाने का काम शुरू किया गया था लेकिन यह काम आजतक पूरा नहीं हुआ है। यह काम पिछले साल 10 मार्च 2024 को शुरू हुआ था जोकि जल्द पूरा किया जाना था लेकिन ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण यह कार्य आधा-अधूरा पड़ा है और लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान नेता विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सेम के कारण किसानों की फसल भी खराब हो रही है। सोलर पम्प मोटर लगाने का जब काम शुरू हुआ था तो किसानों को उम्मीद थी कि अब उन्हें सेम समस्या से निजात मिलेगी और फसलों को लाभ होगा लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव ढाबी कलां में सेमग्रस्त भूमि में सेम के पानी की निकासी हेतु रूके पड़े सोलर पम्प मोटर कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकि आगे किसानों की फसल खराब न हो। किसानों ने कहा कि सेम पम्प के उपकरण भी सारे खराब हैं और इसमें बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है। इन पम्पों का कनैक्शन भी अभी ड्रेन के साथ नहीं जोड़ा गया है। किसानों की मांग है कि इस भ्रष्टाचार की प्रशासन द्वारा जांच करवाई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई हो। इसके अलावा किसानों ने फसल खराबे का मुआवजा व बीमा क्लेम देने की बात की। किसानों ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ था। विशेषकर ढाबी कलां के किसानों को 2024 का बीमा क्लेम मंजूर होने के बावजूद नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से यह मुआवजा तुरंत किसानों को देने की मांग की।

---

## रानियां को शीघ्र उपमंडल बनाए जाने की सिफारिश की, बार एसोसिएशन ने जताया मंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां



■ रानियां तहसील को शीघ्र उपमंडल का दर्जा दिलवाना चाहिए।

प्रदेश के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने बार एसोसिएशन रानियां को पत्र जारी कर कहा है कि रानियां तहसील के तथ्यों/मानकों और परिस्थितियों को देखते हुए तहसील रानिया को जल्द से जल्द जनहित में उप-मंडल में अपग्रेड किया जाना चाहिए। उन्होंने इस पत्र की प्रति उपायुक्त सिरसा को कार्यवाही हेतु भेजी है। पत्र में कहा है कि कुछ दिन पूर्व बार एसोसिएशन रानियां के प्रधान सेवा सिंह संधू द्वारा गठित कमेटी का प्रतिनिधिमंडल ने उनसे सिविल सचिवालय में उनके कार्यालय चंडीगढ़ में मुलाकात कर रानियां तहसील को उपमंडल का दर्जा दिए जाने के लिए एक मांग पत्र दिया था जिस पर उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की मांग को जायज बताते कहा था कि इस मामले में गंभीर पूर्ण विचार करने और तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपायुक्त सिरसा को पत्र में कहा कि उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, तहसील रानिया को जनहित में जल्द से जल्द उप-मंडल में अपग्रेड किया जाना चाहिए। प्रदेश के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा का पत्र प्राप्त होने पर बार एसोसिएशन रानियां के अध्यक्ष सेवा सिंह संधू ने उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र पर प्रशासन को सरकार के पास रिपोर्ट भेजकर रानियां तहसील को शीघ्र उपमंडल का दर्जा दिलवाना चाहिए। बता दें कि बीती 27 मई को बार एसोसिएशन रानियां के एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण पाल पंवार, श्याम सिंह राणा कृषि मंत्री, महिपाल ढांडा संसदीय कार्य मंत्री व मंत्री विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को ज्ञापन सौंपकर रानियां तहसील को उपमंडल का दर्जा दिए जाने के लिए जिला एवं उपमंडल बनाने का निर्णय लेने वाली कमेटी को अपनी बैठक के एजेन्डे में शामिल कर इसे शीघ्र पुरा करवाने की मांग की थी। इस पर कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि बार एसोसिएशन रानिया द्वारा तहसील को अपग्रेड करके उपमंडल बनाए जाने की मांग को बैठक के एजेंट में रखकर इसे शीघ्र पूरा करने का प्रयास करेंगे।

---

## 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेगा संयुक्त किसान मोर्चा

■ संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में भाग किसान नेतओं ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में भाग लेते किसान नेता।

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से मंगलवार को स्थानीय जाट धर्मशाला में मीटिंग हुई, जिसमें विभिन्न किसान संगठनों के साथी शामिल हुए। बैठक में एकता उगराहा किसान यूनियन की ओर से जिलाध्यक्ष रघुबीर सिंह दयोल, धन्ना सिंह दमदमा, भोला सिंह, हरजिंद्र सिंह भंगू, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव कामरेड प्रीतपाल सिंह सिद्धू, जिला उपाध्यक्ष बलराज सिंह बणी, किसान सभा एआईकेएस की ओर से का. राजेंद्र सिंह रूपावास व राष्ट्रीय किसान मंच से लक्खा सिंह अलीकां शामिल रहे। मीटिंग में किसानों ने प्रशासन से मांग की कि जिले में डीएपी खाद और नकली खाद, कीटनाशक, नकली बीज पर उचित कार्रवाई करते हुए दोषी के लिए सजा का प्रावधान किया जाए। साथ ही जिले में नहरी पानी की कमी को दूर किया जाए, सिरसा जिले के किसानों के हिस्से का पानी उपलब्ध करवाया जाए, ओटू झील की खुदाई करवाई जाए, घग्गर की धार को गहरा करके तटबंधों को मजबूत किया जाए तथा दोनों ओर के बांधों को पक्का किया जाए, नाथूसरी चोपटा तहसीलदार की नियुक्ति शीघ्र की जाए तथा सभी तहसीलों में नियमित नियुक्ति की जाए। बैठक में उपस्थितजनों ने हरियाणा के पानीपत जिले के निजामपुर गांव के किसान विजेंद्र को ट्राइडेंट कंपनी के गुंडों द्वारा दिन दहाड़े जलाकर मारने की घटना की सख्त शब्दों में निंदा की गई और आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही आगामी 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में संयुक्त मोर्चा द्वारा बढ़ चढक़र भाग लेने का भी निर्णय लिया गया।

---

## भावदीन टोल प्लाजा पर फूलकां गांव के वाहनों की एंट्री फ्री करने की उठाई मांग

■ भारतीय कुलड़िया खाप के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कुलड़िया के नेतृत्व में फूलकां गांव के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिलने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




**सिरसा।** जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचा गांव का युवा प्रतिनिधिमंडल।

भावदीन टोल प्लाजा पर नियमों की अनदेखी कर टोल वसूली करने का आरोप लगाते हुए भारतीय कुलड़िया खाप के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कुलड़िया के नेतृत्व में फूलकां गांव के युवाओं का प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचा। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई कि फूलकां के वाहन चालकों को भावदीन टोल प्लाजा पर फ्री आवाजाही की छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि फूलकां गांव टोल प्लाजा से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, कायदे से टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को टोल फीस से छूट दी गई है।

सिद्धार्थ कुलड़िया ने बताया कि जिला उपायुक्त के नाम सौंपे ज्ञापन में युवाओं ने मांग उठाई कि फूलकां गांव के वाहनों को भावदीन टोल प्वाइंट पर छूट दी जाए। क्योंकि यह गांव टोल प्लाजा से मात्र 12 किलोमीटर की दूरी पर है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई के नियमों के अनुसार टोल प्लाजा से जो गांव 20 किलोमीटर के दायरे में आते हैं, उन गांव के वाहन चालकों को टोल टैक्स में छूट प्रदान की जाती है। जबकि टोल मालिकों द्वारा फूलकां के वाहन चालकों को चंपत लगाई जा रही है। उन्होंने इस टोल वसूली को अवैध बताते हुए कहा कि भावदीन टोल प्लाजा पर

#### टोल के दोनों ओर होती है रोज आवाजाही

कुलड़िया ने बताया कि फूलकां गांव बेशक सिरसा विधानस II क्षेत्र का गांव है, लेकिन बिजली व पुलिस से जुड़े कार्य के लिए अकसर लोगों को डिंग मोड आना-जाना पड़ता है। थाना डिंग के अंतर्गत आते इस गांव में टयूबवैलों की लाइन सबडिविजन डिंग से जुड़ी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों को नित्यप्रति भावदीन टोल प्लाजा से होकर गुजरना पड़ता है जो वाहन चालकों की जेब पर भारी पड़ता है।

फूलकां गांव को छोडक़र भावदीन, जोधकां, कुकड़थाना, सुचान, कोटली, संघरसाधा जैसे कई अन्य गांवों के वाहनों को फ्री एंट्री दी जा रही है। इस दौरान डॉ. सुनील कुलडिय़ा, भोजाराम, रमेश, प्रहलाद सिंह राठी, गुलाब सिंह, सीताराम, महेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

---

### प्राणायाम करने से शरीर की शुद्धि होती है : सुरेश मंगला

**रतिया।** प्राणायाम से शरीर के अन्दर के अंग एवं आसन से शरीर के बाहरी अंग स्वस्थ होते है। शरीर की शुद्धि होने के कारण हम निरोग हो जाते है। योग के द्वारा तन, मन एवं आत्मा स्वस्थ होती है, जिससे दवाओं पर लगने वाला पैसा बचता है और जीवन में आर्थिक समृद्धि आती है। यह बात पतंजलि योग समिति, महिला योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट रतिया द्वारा पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में टिब्बा कॉलोनी स्थित श्रीराम आश्रम शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे 10 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाते हुए मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला ने कही। 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को कुरुक्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रभारी धर्मवीर ललित, महिला प्रभारी यश्वी मेहता, संजु मेहता, रेखा जैन, सुशील बांसल, चिमनलाल सिंगला, देवी लाल चंदौरा, संजीव गोयल, शिव बांसल, दविन्द्र बजाज, डॉ. नरेश गोयल, गगन स्वरूप मंगला सहित काफी संख्या में साधक मौजूद थे।



### चिटफंड धोखाधड़ी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसपी से मिले पीड़ित

**टोहाना।** शहर में चिटफंड के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित पक्ष में रोष बना हुआ है। पीड़ितों ने एसपी सिद्धांत जैन से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। रोहित नैन, मन्नू सिंगला और संजय बजाज ने एसपी को बताया कि करीब 7 साल पहले रतिया रोड के रहने वाले कर्मवीर पुनिया, सतबीर पुनिया, कृष्ण पुनिया और कर्मवीर के बेटे जयदीप व शिबू ने लॉटरी चिटफंड के माध्यम से धोखाधड़ी की थी। इस मामले में मार्च 2023 में टोहाना शहर थाने में केस दर्ज किया गया। पीड़ितों के अनुसार आरोपियों ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। एक आरोपी की जमानत याचिका रद्द होने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने एसपी को बताया कि आरोपियों के हस्ताक्षर मिलान के लिए एफएसएल भेजे गए हैं। इस मामले की जांच इकनॉमिक सेल की टीम कर रही है। एसपी ने मामले में स्टेटस रिपोर्ट लेने और आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ितों ने कहा कि एसपी के फतेहाबाद आने के बाद उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। पीड़ितों ने कहा कि आरोपियों ने जो इस चिटफंड के माध्यम से प्रॉपर्टी बनाई है उसे इसके साथ अटैच करके हमें न्याय दिलाया जाए।



### रोडवेज बसों में नहीं रखे गए हैं कैम्पर प्यास से लोग बेहाल : प्रजापति




**फतेहाबाद।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है। खासकर बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा भीषण गर्मी में बसों में पीने के पानी का प्रबंध करने के निर्देशों के बावजूद रोडवेज बसों में पानी न मिलने से यात्री बेहाल है। युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने इस पर चिंता जताते हुए परिवहन मंत्री से रोडवेज बसों में पीने के पानी के लिए कैम्पर रखने के कड़े निर्देश जारी करने की मांग की है। मुकेश प्रजापति ने कहा कि इन दिनों आसमान से आग बरस रही है। फतेहाबाद का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी के मौसम में ज्यादा जरूरी होने पर ही लोग बसों में सफर कर रहे हैं लेकिन गर्मी के कारण उनका गला प्यासा रह जाता है और सफर में उन्हें काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है। मुकेश प्रजापति ने कहा कि परिवहन मंत्री अनिल विज ने बसों में पीने के पानी के लिए कैम्पर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज डायरी

### रतिया बीडीपीओ कार्यालय से मोटर साइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय से जेई का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिले के गांव चमारखेड़ा निवासी प्रदीप कुमार ने कहा है कि वह बीडीपीओ ऑफिस रतिया में जेई के पद पर कार्यरत है। सुबह उसने अपने मोटरसाइकिल को बीडीपीओ ऑफिस में खड़ा किया और ऑफिस में काम पर चला गया। वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी बाइक गायब थी। उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### सस्ता आई फोन देने का लालच देकर हजारों रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने सस्ता आई फोन देने का लालच देकर बैंक के सिक्योरिटी गार्ड को अपना शिकार बनाया और उससे हजारों रुपये हड़प गए। इस बारे पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया के गांव चिम्मो निवासी सोनू सिंह ने कहा है कि वह एक्सिस बैंक, कुलां में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है और उसकी हरियाणा ग्रामीण बैंक में खाता है। उसने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर लिंक भेजकर उसे सस्ते आईफोन का लालच दिया और उससे अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 12 हजार 950 रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए हैं। जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने उक्त नंबर पर फोन किया लेकिन जब उक्त व्यक्ति से कोई सम्पर्क नहीं हुआ तो उसने इस बारे आूनलाइन शिकायत दर्ज करवाई।

---

## अनोखी पहल, गाय का मनाया जन्म दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



**टोहाना।** केक काटकर बछड़ी का जन्मदिन मनाते गोसेवक जिले सिंह।

अक्सर लोग अपने बच्चों, माता पिता और पत्नी के के जन्मदिन को मनाते की तस्वीर अपने देखी होगी लेकिन टोहाना के गौसेवक जिले सिंह ने एक महीने पहले जन्मी गौ माता की बछड़ी का जन्मदिन अपने घर में केक काटकर धूमधाम से मनाया है। ग्रामीण जिले सिंह ने गाय का नाम जहां राधा रखा हुआ है, वहीं उसकी बछड़ी का नाम वृंदा रखा है। मादूवाना निवासी जिले सिंह ने मंगलवार को वृंदा के एक महीना पूरा होने पर जन्मदिन को बड़े ही उत्साह के साथ अपनी माता सावित्री देवी के साथ केक काटकर मनाया। इस केक को आस पास से आए बच्चो को वितरित किया गया। जिले सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को मां का दर्जा दिया गया है जिसमें हर देवी देवता निवास करते है। उन्होंने बताया कि गाय का दूध, गोमूत्र यहां तक की गोबर के उपले भी बहुत लाभदायक होते है।

उन्होंने बताया कि गौ माता की सेवा की प्रेरणा अपने बड़े बुजुर्गों से मिली है जिसके चलते वे रोजाना राधा और वृंदा के साथ सैर पर भी जाते है। उन्होंने बताया कि जिस तरह इंसान के साथ आपका लगाव हो जाता है उसी तरह इन बेजुबानो के साथ भी लगाव अच्छे से होता है। उन्होंने बताया कि अपने जन्मदिन पर वृंदा और उसकी माता राधा बड़ी खुश है।

---

**निरीक्षण** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने झोंकी पूरी ताकत

## एसपी ने कबीर जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

■ सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** एसपी मयंक गुप्ता रैली स्थल का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

संत कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून को स्थानीय अनाज मंडी में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता रैली स्थल पहुंचे और की जा रही तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने भारतीय वायुसेना स्थल सिरसा से लेकर अनाजमंडी सिरसा तक सभी रूटों का निरीक्षण करते हुए अन्य वैकल्पिक रूटों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की बैरिकेडिंग, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स, वीवीआईपी, मीडिया गैलरी, चेकिंग पॉइंट, हेलीपैड और आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों को जांचा। पुलिस अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड, डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस की तैनाती के स्थानों का भी अवलोकन किया और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही व कोताही किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जएगी। इस दौरान एसपी सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि तैयारियों का उद्देश्य मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करना और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देना है। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा असामाजिक व संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी जाए तथा कानून तोडऩे वालो से सख्ती से निपटा जाए।

**सूचना**

मैं, संतोष पत्नी तेजपाल पुत्र बलजीत निवासी गांव शमशाबाद पट्टी, तह. व जिला सिरसा बयान करती हूं कि मेरा लड़का योगेश जो कि अविवाहित है और गलत संगति में पड़ चुका है और अपनी मनमर्जी करता है। योगेश मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है और लड़ाई-झगड़ा कर दो-अढाई साल पहले घर छोडक़र चला गया था। मैं उपरोक्त योगेश को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में हमारा योगेश से कोई संबंध नहीं रहेगा। जो भी उससे लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**खबर संक्षेप**

## आईटीआई में 20 तक होंगे ऑनलाइन दाखिले

**फतेहाबाद।** हरियाणा कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर-इंजीनियरिंग व्यवसायों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर 20 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि दाखिला संबंधी विस्तृत दिशा निर्देशों बारे विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची एवं संस्थानवार सीटों बारे सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## संत कबीर जन्मोत्सव में भागीदारी करेगा भगत धन्नाजी ट्रस्ट

**सिरसा।** अनाजमंडी में 11 जून को संत कबीर जन्मोत्सव कार्यक्रम में भगत धन्नाजी ट्रस्ट बढ़ चढ़कर भाग लेगा। यह निर्णय मंगलवार को ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। सेक्टर 20 में आयोजित ट्रस्ट की बैठक में संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा व प्रधान अमरीक सिंह राही ने संयुक्त रूप से कहा कि संत कबीर व भगत धन्ना जी गुरुभाई थे। इसलिए ट्रस्ट संत कबीर जन्मोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लेगा। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम में भगत धन्नाजी ट्रस्ट के सदस्यों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए खंड स्तर पर ड्यूटियां लगाई गई हैं। सभी सदस्य अपने अपने गांवों से अपने वाहनों द्वारा ही कार्यक्रम में पहुंचेंगे। बैठक में ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, प्रधान अमरीक सिंह राही, महिला विंग की प्रधान सरपंच रीटा कासनिया, मुकेश लाखलान, डॉ. आत्माराम सिहाग, हनुमान गोदारा, डॉ. रेशम सिंह, महेंद्र घणघस, राजीव बागड़ी, ईश्वर मेहला सहित अन्य मौजूद रहे।

## साइकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने घर के बाहर से साइकिल चुराने के आरोपी को कुछ ही घंटों में धर दबोचा है। पकड़े गए युवक की पहचान गोविन्दा पुत्र पुन्नू राम निवासी नंदगढ़ जिला बठिण्डा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चुराई गई रेंजर साइकिल को भी बरामद कर लिया है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 जून को न्यू टाऊन रतिया निवासी रमेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## महिला के कानों से छीनी सोने की बालियां

**रानियां।** क्षेत्र के गांव बणी के बस स्टैंड से पैदल ढाणी साधावाली जा रही एक महिला के कानों से मोटरसाइकिल सवार बदमाश सोने की बालियां छीनकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी साधा वाली निवासी महिला रेशमा देवी ने बताया कि बीती 9 जून की शाम करीब 4.30 बजे वह बस स्टेंड बणी से पैदल ढाणी साधा वाली जा रही थी। इसी दौरान अनाज मंडी के निकट बाइक सवार तीन युवक मुंह ढांपे हुए आए और झपट्टा मारते हुए उसके कानों से दोनों सोने की बालियां छीनकर ले गए। हालांकि उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते, युवक फरार हो गए।

## आईआईटी के लिए सिरसा उपयुक्त जिलाः शर्मा

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान सुशील शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा में एक नई आईआईटी स्थापित की जानी है और इसके लिए सिरसा जिला सबसे उपयुक्त शहर है। सिरसा में आईआईटी का निर्माण होता है तो यह सिरसा के लिए प्रदेश सरकार का बेहतरीन मास्टर स्ट्रोक होगा। सुशील शर्मा ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि जल्द ही श्री ब्राह्मण महासभा का एक शिष्टमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस मुद्दे को लेकर मुलाकात करेगा। शर्मा ने कहा कि आईआईटी जैसे संस्थान का सिरसा में आना न केवल क्षेत्र के शैक्षणिक और आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि पूरे पश्चिमी हरियाणा के लिए एक परिवर्तनकारी सिद्ध होगा।

### जिला पुस्तकालय का मुद्दा फिर गरमाया, संघर्ष समिति भाजपा नेताओं से मिली

# बाल भवन में सामान रखने के लिए नहीं है पर्याप्त जगह, कैसे पढ़ेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुस्तकालय को शहर से बाहर बस स्टैंड पर शिफ्ट करने के भारी विरोध के बाद प्रशासन ने पुस्तकालय को ठाकर बस्ती स्थित बाल भवन में शिफ्ट कर दिया, लेकिन बाल भवन में भी पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पुस्तक विहीन पुस्तकालय ही बस स्टैंड से यहां शिफ्ट हो पाया है। पुस्तकें व अलमारियां सहित अधिकांश सामान आज भी नए बस स्टैंड पर ही पड़ा है।

बाल भवन में पर्याप्त जगह उपलब्ध न होने सहित अन्य समस्याओं को लेकर लाइब्रेरी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक मोहन लाल नारंग के नेतृत्व में शहर के अनेक प्रबुद्ध लोग आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा व पूर्व विधायक दुड़ा राम से मिले और वस्तुस्थिति को उनके सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल ने आधुनिक लाइब्रेरी बनाने के लिए स्थाई जगह व अस्थायी रूप से जिला पुस्तकालय को उपयुक्त जगह देने की मांग रखी।समिति के संयोजक मोहन लाल नारंग व सह-संयोजक हरदीप सिंह ने बताया कि बाल भवन में सीमित स्थान उपलब्ध होने के कारण केवल कुर्सियां व बेंच ही स्थानांतरित की जा सकी हैं, जबकि पुस्तकालय की अधिकांश अलमारियां, पुस्तकें व सामान नए बस स्टैंड पर पड़ी हैं। बाल भवन में लगभग 35 बच्चों के बैठने की ही व्यवस्था है, जबकि प्रतिदिन औसतन 60-70 विद्यार्थी बीडीओ ब्लॉक वाली लाइब्रेरी में अध्ययन हेतु पहुंचते थे। बाल भवन में औसतन 12 विद्यार्थी ही पहुंचते और अन्य पाठकगण तो उस स्थान पर जा ही नहीं रहे। बाल भवन में रात के समय सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे है, भवन में सीसीटीवी भी नहीं है, बाल भवन वाली गली में लाइट की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। बाल भवन में बच्चों को सारा दिन डांस व म्यूजिक सिखाएं जाने के कारण डीजे का शोर रहता है और साथ लगती अरोड़वंश धर्मशाला में भी शादी-विवाह आदि कार्यक्रम होने से शोर-शराबा रहता है। ऐसे में बाल भवन में लाइब्रेरी के लिए अनुकूल माहौल नहीं है।


फतेहाबाद। बीजेपी जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते लाइब्रेरी बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा : प्रशासन से करेंगे बात

समिति ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को पंचायत भवन में अस्थाई रूप पुस्तकालय को शिफ्ट करने का सुझाव दिया। समिति की सुझावों और समस्याओं को सुनने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह स्वयं पुस्तकालय के आजीवन सदस्य है और इस मुद्दे को लेकर गंभीर है। उन्होंने समिति के सुझावों पर सहमति जताई और आश्वासन दिया कि वह जिला प्रशासन के सामने बात रखेंगे।

### दुड़ाराम बोले : पुस्तकालय का मुद्दा बेहद गंभीर

इसके बाद समिति के शिष्टमंडल ने पूर्व विधायक दुड़ा राम से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनके सामने वस्तुस्थिति रखी और पाठकों भावनाओं से अवगत करवाया।

पूर्व विधायक ने समिति के शिष्टमंडल को बताया कि वह जिला पुस्तकालय के लिए स्थाई जगह उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री से बात करेंगे और पंचायत भवन में अस्थाई रूप से लाइब्रेरी को शिफ्ट करने के विकल्प पर उपायुक्त से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का मुद्दा बेहद गंभीर है और उनके संज्ञान में है। पूर्व विधायक ने समिति को आश्वस्त किया कि वह पुस्तकालय के मुद्दे पर संघर्ष समिति के साथ खड़े है।

### विपक्षी नेताओं से भी मिलेगी संघर्ष समिति

संघर्ष समिति द्वारा लिए गए फैसले के मुताबिक कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा, विधायक बलवान सिंह व पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा सहित पक्ष व विपक्ष के सारे नेताओं मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत करवाएंगे। इस शिष्टमंडल में हरदीप सिंह, राजीव सेतिया, विनोद अरोड़ा, पार्षद प्रतिनिधि योगी हंसराज, एडवोकेट रमेश जोईया, नवीन सिन्हा, राजकुमार बिसला, प्रकाश चंद्र, पवन कुमार, रामदेश सहित कई विद्यार्थी शामिल रहे।


फतेहाबाद। सार्वजनिक स्थानों पर छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस टीम।

# सुरक्षा को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

■ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महिला सुरक्षा टीम इंचार्ज निरीक्षक मंजू के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न चिह्नित सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर, पार्क, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अधिक आवाजाही वाले स्थानों को प्राथमिकता दी गई। इन स्थानों पर महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनों की जानकारी दी गई। इस दौरान इंस्पैक्टर मंजू ने महिला अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर संवाद किया। डायल 112 मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से महिलाएं ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम का लाभ उठा सकती हैं। यह सेवा यात्रा के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक है। सडक़ सुरक्षा नियमों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना एवं डायल 112 की उपयोगिता और कार्यप्रणाली समझाई गई, जिससे महिलाएं किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत दे सकें। फतेहाबाद पुलिस ने जिले की सभी महिलाओं और छात्राओं से अपील की है कि वे इस जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, सुरक्षा संबंधी जानकारी को अपने परिवार और समुदाय में साझा करें, तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

# गुटबाजी को लेकर हाईकमान गंभीर : तिलक

■ जो सबको साथ लेकर चले वहीं बनेगा जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और एआईसीसी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक एम. क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि कांग्रेस में ऊपर तो संगठन था पर हरियाणा में संगठन नहीं था, लोग तो कांग्रेस के साथ जुड़े हुए थे पर हम ही उनके साथ नहीं जुड़े हुए थे। हमें बूथ स्तर पर मजबूत होना होगा जिसके लिए हमें कार्यकर्ता चाहिए। क्रिस्टोफर तिलक मंगलवार को सिरसा के कांग्रेस भवन में पार्टी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

प्रदेश में कांग्रेस की विचारधारा के साथ लोग जुड़े हुए थे, कांग्रेस के पास नेतृत्व था पर संगठन नहीं था। संगठन गठन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी।कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर तिलक ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, ऐसी पार्टियों में गुटबाजी होती है, क्षेत्रीय दलों में तो सारे ही लोग परिवार के होते है ऐसे में वहां गुटबाजी होती है, वैसे गुटबाजी को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े काफी गंभीर है। संगठन बनने के बाद पार्टी ट्रैक पर आ जाएगी। कांग्रेस जो कहती है वहीं करके दिखाती है जबकि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता हासिल करती है। सांसद सैलजा ने कहा कि संगठन न होने से पार्टी में अनुशासन नहीं रहा था अब संगठन बनेगा तो अनुशासन भी बढ़ेगा और सभी की एकजुटता से पार्टी को मजबूती भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडग़े ही पार्टी के नेता है बाकी सब पार्टी के सच्चे और कर्मठ सिपाही है और सभी सिपाही बनकर पार्टी को मजबूत बनाने में काम करें। उन्होंने कहा कि पार्टी वहीं मजबूत होती है जो बूथ स्तर पर मजबूत हो। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।


सिरसा। कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस नेता एम.क्रिस्टोफर।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए पैनल बनेगा

उन्होंने कहा कि सिरसा संसदीय क्षेत्र में संगठन न होने पर भी नौ में से छह सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा किया, अगर हमारा संगठन होता तो प्रदेश में आज कांग्रेस की ही सरकार होती। उन्होंने कहा कि अभी सभी विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 16 जून को सिरसा में फिर बैठक होगी, जिलाध्यक्ष पद के लिए एक पैनल बनाया जाएगा जिसमें छह नाम भेजे जाएंगे। एक सवाल के जवाब में एम क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा के बाद लोगों में जोश पैदा हुआ। इस जोश को बनाए रखने के लिए संगठन जरूरी है। हरियाणा में संगठन बनाने के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया हुआ है जो 30 जून तक जारी रहेगा। हरियाणा में एक दशक से संगठन नहीं था, जिला प्रधान नहीं था, अब सभी से राय ली जाएगी, मीडिया से अलग से बात कर नामों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन नहीं था तभी सरकार नहीं बनी यह एक प्रमुख कारण था।

# आयुष विभाग ने शिवपुरी पार्क में लोगों को करवाया योग प्रोटोकॉल अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में शिवपुरी पार्क में आयुष विभाग की ओर से योग प्रोटोकॉल अभ्यास करवाया गया। इस दौरान जिला योग विशेषज्ञा अंबिका पांटा द्वारा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, आयुष योग सहायक, योग इन्स्ट्रक्टर्स व आम नागरिकों को शिथिलीकरण के अभ्यास, स्कंध खिंचाव, कटि चालन, घुटना संचालन, खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल व पीठ के बल लेट कर करने वाले अभ्यास, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि प्राणायाम करवाये गए।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि वे वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करें ताकि 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाये। उन्होंने योग युक्त नशा मुक्त -हरियाणा के संदेश का भी प्रचार किया और हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रहकर योग को अपने जीवन में शामिल करने का और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। लोगों ने उत्साह से शिविर में हिस्सा लिया।ß


फतेहाबाद। शिवपुरी में योग प्रोटोकॉल अभ्यास में भाग लेते नागरिक।

# कालांवाली नगर पालिका चुनाव में 17 मतदान केंद्रों पर डाले जाएंगे वोट : रिटर्निंग अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

■ मतदाता अवश्य करें मताधिकार का प्रयोग : एसडीएम राजेंद्र

रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कालांवाली नगर पालिका आम चुनाव में 16 वार्डों के लिए 17 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया गया है और वहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि कालांवाली नगर पालिका आम चुनाव के लिए 29 जून को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक का मतदान केंद्र मार्केट कमेटी ऑफिस में बनाया गया है। वार्ड नंबर दो का मतदान केंद्र गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, गौशाला के पास के लेफ्ट विंग में, वार्ड नंबर तीन का मतदान केंद्र दयानंद गर्ल्स कॉलेज (राइट विंग) तथा वार्ड नंबर चार का मतदान केंद्र गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल गौशाला के पास (राइट विंग) में बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर पांच का मतदान केंद्र दयानंद गर्ल्स कॉलेज (मिडल विंग) में व अन्य जगह केंद्र बनाए गए है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। सभी सब यूनिटों में हड़ताल की तैयारी को लेकर टीमें गठित की गई है। प्रत्येक सब यूनिट में मीटिंग की जाएगी। कर्मचारी नेता सुखदेव सिंह व बाबूलाल ने कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांगें कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, स्थाई भर्ती की जाए, लाखों बेरोजगार खाली घूम रहे हैं, उनको रोजगार दिया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए, दिनों दिन कर्मचारी व मजदूर विरोधी कानून केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे हैं, जोकि कर्मचारियों व मजदूरों के संगठन बनाने के अधिकारों पर हमला है, सरकार द्वारा एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों में 5 साल से अधिक समय से लगे कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की बात की जा रही है, जबकि बाकि कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटक रही है, सेवा सुरक्षा सभी के लिए लागू की जाए, एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों की छंटनी की गई है, उन्हें वापस लिया जाए।


सिरसा। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

**रोष प्रदर्शन** | बैठक में सहमति के बाद भी मांगों को लागू नहीं कर रही सरकार

# नगरपरिषद कर्मचारियों ने मांगों को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर किया रोष प्रदर्शन

कच्चे कर्मचारियों को 27 हजार रुपये वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर रोष प्रदर्शन किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर किए गए प्रदर्शन में काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान विजय ढाका ने की तथा संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। इससे पहले कर्मचारियों ने नगर परिषद प्रांगण मे इक्‍ हरियाणा सरकार खिलाफ जमकर नारेबाजी की व अपनी भड़ास निकाली।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान विजय ढाका व सचिव ओम प्रकाश लोट ने बताया कि 7 अगस्त 2024 सरकार के साथ हुई वार्ता में मानी गई मांगों को लागू करवाने, सफाई सीवर के कार्यों मे ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को रोल पर करने, पालिका परिषद निगमों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की हाजिरी एसएमडब्ल्यू ऐप लगाना बन्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन की घोषणा की गई है। संघ की मांग है कि सभी प्रकार के पॉलिसी में कार्यरक्त सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार पालिका, परिषद व निगम में कार्यरक्त सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों का वेतन 27 हजार रुपए किया जाए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, सत्यवान टांक, नरेश राणा, वीरू रत्ति, राजा राम चौहान, ओम प्रकाश झलनिया, गुरदयाल भट्टी सतपाल परिहार आदि मौजूद रहे।


फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में धरना देते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कच्चे कर्मचारियों को वेतन का मुद्दा उठाया

नगर परिषद फतेहाबाद मे ठेका प्रथा के तहत कार्यरत कर्मचारियों को दो महीने से वेतन न दिए जाने पर यह कर्मचारी आज काम बंद करके धरने पर बैठ गए। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने भी इनका समर्थन किया। कर्मचारी नेता विजय ढाका व ओमप्रकाश लोट ने कहा कि दो महीने से वेतन न मिलने से इन कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने के बाद नगरपरिषद अधिकारियों ने ठेकेदारों से बातचीत करके तनख्वाह दिलवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौट गए लेकिन ठेकेदार द्वारा एक माह का ही वेतन दिया गया। ऐसे में नगरपालिका कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी कि अगर इन कर्मचारियों को आज ही दो माह का वेतन नहीं दिया गया तो बुधवार को कर्मचारी काम बंद कर देंगे।

# जिला कुम्हार सभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




**सिरसा।** जिला कुम्हार सभा का शपथ ग्रहण समारोह कुम्हार धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष एचसीएस ने नव गठित कार्यकारिणी में कुंभा राम सिंहमार को प्रधान, जीत सिंह जलंधरा को उपप्रधान, रामचंद्र नोखवाल को सचिव तथा पृथ्वी राज मलेठिया को कोषाध्यक्ष के पद की शपथ दिलवाई। सहायक पीठासीन अधिकारी श्रीराम निराणिया ने डा. नौरंग, बृज मोहन गेदर, चानन राम सतपाल सिंहमार व विनोद रेवाड़िया को सदस्य के रूप में शपथ दिलवाई। नवनियुक्त प्रधान कुंभा राम ने सबको साथ लेकर समाज हित में कार्य करने का आश्वासन दिया, वहीं नव नियुक्त सचिव रामचंद्र नोखवाल ने समाज में शिक्षा पर बल देते हुए महाराजा दक्ष प्रजापति एजूकेशन ट्रस्ट की गतिविधियों से अवगत कराया तथा पृथ्वी राज मलेठिया ने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दलीप वर्मा, सुरेंद्र आर्य, मलक साहब डाल, रामेश्वर सार्डिवाल, औमप्रकाश सेवा निवृत डीआरओ हंसराज सोखल, रतन लाल गेदर नुहियावाली, लक्ष्मी प्रजापति सिरसा, ताराचंद करडवाल, प्रो. रामचंद्र लिंबा, रामप्रताप घोडेला, जगराम घंटेलवाल आदि मौजूद रहे।